### एक नजर में

## ओंकारेश्वर भैरोघाट पर हादसा, कई यात्री घायल



इंदौर. मंगलवार सुबह करीब 8 :45 बजे ओंकारेश्वर के भैरोघाट क्षेत्र में एक हादसा हो गया. घटना में सवार कई लोगों को चोटें आई. प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ने से यह दुर्घटना हुई. घायल यात्रियों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है. हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंच गया. फिलहाल बचाव अभियान चल रहा हैं, घटना की जांच की जा रही है.

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व. धनावत को श्रद्धांजलि अर्पित की



महू. जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्वर्गीय जादवसिंह धनावत की पांचवीं पुण्यतिथि पर ग्राम भिचौली में हजारों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की. योगेश यादव ने संबोधन में कहा धनावत जी एक ऐसे पुण्य व्यक्तित्व के धनी थे जो सभी को जोड़कर चलते थे. विपिन वानखेड़े ने कहा जादूसिंह धनावत ने कांग्रेस को आगे बढ़ाने के लिए अपना तन मन धन समर्पित किया और कैलाश दत्त पांडे ने कहा मैंने उनके चेहरे पर हमेशा खुशी देखी कितना भी गुस्से मैं हो सामने वाला व्यक्ति उनकी हंसी देखकर उनका गुस्सा शांत हो जाता था. इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश सेवादल अध्यक्ष योगेश यादव, पूर्व विधायक अंतरसिंह दरबार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कैलाश दत्त पांडे, जिला पंचायत सदस्य कन्हैयालाल ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सैनी, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष जीतू ठाकुर, शक्तिसिंह गोयल, विजेंद्रसिंह चौहान, दिनेश सल्वाडिया, गजेंद्रसिंह राठौर, मीणा समाज प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण मीणा, विजय नौलखा, पवन फौजी, बैकुंठ पटेल, नारायण पटेल, मंसूर पटेल, मांगीलाल जमीदार, भागीरथ लोदवाल इत्यादि हजारों लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित की कार्यक्रम का संचालन डॉ अजय धनावत और मनमोहन गुनावत ने किया और आभार जुगनू जादवसिंह धनावत ने माना.

## जिला बदर बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा



इंदौर. परदेशीपुरा पुलिस ने जिला बदर किए गए बदमाश को दबोचने में सफलता हासिल की है. आरोपी लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय होकर आदेश का उल्लंघन कर रहा था. मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 27 वर्षीय आरोपी शुभम तंबोली निवासी पुरानी जीवन की फेल को कोली मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार किया. पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, तंबोली पर पहले से ही दर्जनभर आपराधिक मामले दर्ज है. उसे तीन अगस्त को छह माह की अवधि के लिए जिला बदर किया था. बावजूद इसके वह लगातार इंदौर में घूमता मिला. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर बदमाश को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया.

## सहकारी प्रशिक्षण केंद्र में हुई चोरी

इंदौर. मल्हारगंज थाना क्षेत्र स्थित सहकारी प्रशिक्षण केंद्र, किला भवन में अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया. मल्हारगंज थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार अज्ञात आरोपी कार्यालय की लोहे की जाली तोड़कर अंदर घुसे और वहां से एक गीजर व चार छत पंखे चोरी कर ले गए. घटना की शिकायत पर मल्हारगंज पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## दस माह पहले ट्रायल पर दिया वाहन, अब तक नहीं लौटाया

इंदौर. विजयनगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की कार खरीदने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. आरोप है कि वाहन ट्रायल पर ले जाने के बाद आरोपियों ने न तो पूरी राशि चुकाई और न ही गाड़ी लौटाई. शिकायतकर्ता 25 वर्षीय विवेक जैन निवासी न्यू हरसिद्धि नगर ने पुलिस को बताया कि उनकी हुंडई वेन्यू का सौदा 7 जनवरी 2025 को सत्यम मिश्रा और राज शर्मा सहित अन्य साथियों से 10 लाख 51 हजार रुपए में हुआ था. आरोपियों ने राशि का आंशिक भुगतान दो चेकों के जरिए किया और वाहन ट्रायल पर ले गए. साथ ही आश्वासन दिया कि दो-तीन दिन में पूरा भुगतान कर अनुबंध तैयार कर लेंगे. लेकिन करीब दस माह बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने न तो गाड़ी लौटाई और न ही शेष राशि का भुगतान किया. मामले में विजयनगर पुलिस ने मामले में सत्यम मिश्रा, राज शर्मा और उनके साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# पालदा क्षेत्र पर भी मंडरा रहा खतरा

## बेकाबू ट्रकों और जाम से दहशत में क्षेत्रवासी, सुरक्षा इंतजाम नदारद



**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर.** एयरपोर्ट रोड पर सोमवार को हुए दर्दनाक ट्रक हादसे ने पूरे शहर को झकझोर दिया, लेकिन सवाल उठ रहा है कि क्या स्थानीय प्रशासन ने पिछली घटनाओं से कोई सबक लिया? शहर के बाहरी इलाकों से प्रवेश करने वाले मार्गों पर भारी वाहनों की जांच-निगरानी का कोई ठोस इंतजाम नहीं है. इसी लापरवाही का नतीजा है कि हादसे होते ही लोग जिंदगी गंवा देते हैं. अब पालदा क्षेत्र हादसे का नया हॉटस्पॉट बनता जा रहा है.

नव भारत टीम ने यहां का दौरा किया तो पाया कि यहां करीब तीन किलोमीटर लंबे रास्ते पर रोजाना सैकड़ों ट्रक और बसें बेधड़क दौड़ते हैं. एक किलोमीटर तक वाहनों की कतारें और घंटों तक जाम लगना आम बात हो गई है. सड़क के दोनों ओर घनी बस्तियां, स्कूल, कारखाने और गोदाम हैं, जिससे आमजन और बच्चों की आवाजाही पर हमेशा खतरा मंडराता रहता है. क्योंकि यहां के सभी फुटपाथों पर दुकानदारों का कब्जा है. हालात ऐसे हैं कि क्षेत्रवासी मजबूरी में उस जगह पर चलने को मजबूर हो जाते हैं. जो जगह वाहनों के चलने के लिए होती है. ऐसा नहीं है कि यह पहली चेतावनी है. इससे पहले बाणगंगा इलाके में बेकाबू टैंकर कई राहगीरों को रौंद चुका है. बावजूद इसके स्थानीय प्रशासन ने अब तक कोई स्थायी समाधान निकाला. आज भी यहां हालात जस के तस बने हुए है. क्षेत्र के हालात साफ बताते हैं कि हादसों से सबक न लिया गया तो पालदा क्षेत्र में कभी भी एरोड्रम जैसी घटना की पुनरावृति हो सकती है. प्रशासन के लिए अब यह तय करना जरूरी है कि हालात सुधारने के लिए कोई ठोस कदम उठाए जाए.

### बच्चों का आना-जाना होता हैं मुश्किल...



पालदा हनुमान चौराहे पर रोजाना भारी जाम लगता है. सड़क के दोनों ओर बस्तियां और कोचिंग क्लासेस हैं. ऐसे में बच्चों का सुरक्षित आना-जाना मुश्किल हो जाता है, यहां स्थायी यातायात पुलिस तैनात होनी चाहिए.

– रवि बैस, रहवासी

### ट्रकों के प्रवेश पर होनी चाहिए रोक...



भारी वाहन हर तरफ से गलत दिशा से चले आते हैं. जिससे यहां पर रोजाना जाम लगता है. ट्रकों का प्रवेश रात 9 बजे से सुबह 8 बजे तक ही होना चाहिए, तभी हादसों पर लगाम लगेगी.

– व्यापारी संदीप बाशानी

### पैदल चलने वालों के लिए खतरा बनी तेज रफ्तार...



हर आधे घंटे पर जाम लग जाता है. तेज रफ्तार गाड़ियां पैदल चलने वालों के लिए खतरा बन चुकी हैं. यदि यहां स्थायी पुलिस बल तैनात कर दिया जाए तो समस्या काफी हद तक खत्म हो जाएगी.

– वाहन चालक अमित सिलावट

# हौज में डूबा मासूम, पांच घंटे तलाश के बाद मिला शव



**इंदौर. नेहरू नगर में तीन साल के मासूम की दर्दनाक मौत हो गई. दोपहर से लापता बच्चा घर की हौज में डूबा मिला. परिजन और मोहल्ले वाले करीब पांच घंटे तक उसे ढूंढते रहे, लेकिन शाम सात बजे जब हौज में झांका गया तो अंदर उसका शव पड़ा था.**

राऊ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक रोहित पिता दिलीप पांचाल घर के आगे वाले कमरे में खेल रहा था. इसी दौरान पानी निकालने के लिए छह फीट गहरी हौज कुछ देर के लिए खुली रह गई. आशंका है कि खेलते समय रोहित उसमें गिर गया. जब काफी देर तक बच्चा नजर नहीं आया तो छोटी बहू ने उसकी तलाश शुरू की. मोहल्ले में पूछताछ की गई, मोबाइल पर परिचितों को भी खबर दी गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली. बाद में घर के ही आंगन में बने हौज में देखा गया तो मासूम का शव मिला. पुलिस ने बताया कि रोहित के पिता मजदूरी करते हैं. घर के अन्य सदस्य भी काम पर गए थे, जबकि दो बहुएं घर पर थीं. परिजनों ने पुलिस को बताया कि जब रोहित महज एक साल का था तभी उसकी मां ने दूसरी शादी कर ली थी. इसके बाद से वह पिता के साथ ही रह रहा था. दिलीप ने कुछ माह पहले दूसरी शादी की है. परिवार मूल रूप से बांक टाडा इलाके का रहने वाला है. मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# दहेज प्रताड़ना से नवविवाहिता की मौत

- ससुराल पक्ष पर लगाए दहेज और चरित्रहीनता के आरोप, पुलिस ने दर्ज किया केस

इंदौर. तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में 24 वर्षीय मुस्कान गोयल ने कथित तौर पर दहेज प्रताड़ना से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया. इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

मृतिका मुस्कान पत्नी आनंद गोयल निवासी गंगा विहार कॉलोनी, खंडवा रोड, लिम्बोदी की शादी कुछ समय पहले हुई थी. आरोप है कि ससुराल वाले लगातार उस पर पैसों, कपड़ों और सोने-चांदी के जेवर की मांग करते थे. हाल ही में बेटे के मुंडन संस्कार के बहाने भी उससे दहेज लाने के लिए दबाव बनाया. इसके साथ ही मुस्कान पर चरित्रहीन होने के आरोप लगाकर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा. बीते 16 अगस्त को प्रताड़ना से परेशान होकर मुस्कान ने सल्फास और फिनाइल खा ली थी, गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसने 15 सितम्बर को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया. तेजाजी नगर पुलिस ने मृतिका के परिजनों की शिकायत पर पति आनंद गोयल, ससुर मुरलीधर गोयल, सास निशा गोयल और ननद दीप्ति गोयल के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है.

# सोनम व अन्य आरोपियों की जमानत पर आज सुनवाई

### *राजा रघुवंशी हत्याकांड*




**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. बहुचर्चित ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी और उसके साथियों की जमानत याचिका पर आज सुनवाई होगी. शिलांग जेल में बंद सोनम और चार आरोपियों ने तीन दिन पहले जमानत के लिए याचिका दायर कर दावा किया था कि उनका हत्या से कोई संबंध नहीं है और पुलिस ने बिना ठोस साक्ष्यों के उन्हें फंसाया है.**

गौरतलब है कि 11 जून को विवाह के बाद सोनम अपने पति राजा के साथ हनीमून मनाने शिलांग गई थी. वहीं उसने अपने कथित प्रेमी राज कुशवाह, आकाश सिंह राजपूत, आनंद कुर्मी और विशाल ठाकुर की मदद से राजा की हत्या कर शव को खाई में फेंक दिया था, ताकि मामला हादसा लगे. लेकिन शिलांग पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सात दिन तक जांच की और सीसीटीवी फुटेज समेत अन्य साक्ष्यों के आधार पर इसे हत्या का मामला मान लिया. इसके बाद इंदौर क्राइम ब्रांच की मदद से तीन आरोपियों को पकड़ा था. सोनम शातिराना ढंग से इंदौर से भागकर गाजीपुर पहुंच गई थी और वहां ढाबे पर रुककर भाई को फोन लगाकर अपहरण की झूठी कहानी गढ़ी. सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे वहीं से गिरफ्तार किया. पुलिस जांच में सामने आया कि पूरे षड्यंत्र की मास्टरमाइंड सोनम ही थी. इस बीच साक्ष्य मिटाने में शामिल इंदौर और ग्वालियर के तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया था, हालांकि उन्हें जमानत मिल चुकी है. पुलिस ने हाल ही में 790 पन्नों की चालान डायरी अदालत में पेश कर सभी आरोपियों पर षड्यंत्र, हत्या, आर्म्स एक्ट और सबूत मिटाने की धाराएं लगाई हैं.

### वरिष्ठ वकीलों की टीम खड़ी की-

उधर, राजा के भाई गोविंद ने आरोपियों की जमानत रुकवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकीलों की टीम खड़ी की है, जबकि सोनम की ओर से भी उसके परिजनों ने वकील तैनात किए हैं. सूत्रों का कहना है कि आज अदालत जमानत याचिका खारिज कर सकती है, ऐसे में आरोपियों को दीपावली तक जेल में ही रहना पड़ सकता है. फिलहाल सभी कि निगाहें अदालत की कार्रवाई पर है.

# रेलवे यात्रियों की सुरक्षा प्राथमिकता

## पदभार संभालते ही बोले नवागत जीआरपी एसपी पद्म विलोचन शुक्ला

- झाबुआ में '3डी सोशल पुलिसिंग अभियान' चला चुके अधिकारी
- इंदौर में जन-जागरूकता और अपराध नियंत्रण पर रहेगा फोकस

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. रेलवे पुलिस इंदौर को नया कप्तान मिल गया है. 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी पद्म विलोचन शुक्ला ने सोमवार को जीआरपी एसपी का कार्यभार संभाल लिया. सक्रिय पुलिस अधिकारी माने जाने वाले शुक्ला ने पदभार ग्रहण करते ही साफ किया कि उनकी प्राथमिकता रेलवे यात्रियों की सुरक्षा, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और संवेदनशील पुलिसिंग होगी.**



शुक्ला हाल ही में झाबुआ जिले के पुलिस अधीक्षक रहे, जहाँ उन्होंने सोशल पुलिसिंग अभियान 3 डी नो दहेज़, नो डीजे, नो दारू जैसे जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज को जोड़ा. उनके नेतृत्व में झाबुआ में नशा उन्मूलन, साइबर अपराध रोकथाम और सड़क सुरक्षा जैसे विषयों पर गाँव-गाँव में अभियान चलाए गए थे. इससे पहले वे भोपाल में डीसीपी ट्रैफिक, महू में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और एसटीएफ सहित कई अहम पदों पर सेवाएँ दे चुके हैं. पदभार ग्रहण करने के बाद एसपी शुक्ला ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे परिसर में कानून व्यवस्था बनाए रखना सबसे अहम होगा. महिला एवं बाल सुरक्षा, साइबर अपराध रोकथाम और अवैध गतिविधियों पर अंकुश उनकी कार्ययोजना का मुख्य हिस्सा रहेगा. उन्होंने टीमवर्क पर जोर देते हुए कहा हम सबका उद्देश्य एक होना चाहिए यात्रियों की सुरक्षा और सेवा, इसमें कोई छोटा-बड़ा नहीं, सभी मिलकर एकजुट होकर कार्य करेंगे. इस दौरान एएसपी रेल मनीषा पाठक सोनी सहित जीआरपी इंदौर के सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे. सभी ने एसपी शुक्ला का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में जीआरपी इंदौर नई ऊँचाइयाँ हासिल करेगा.

# प्रधानमंत्री आवास योजना की अनुमति के नाम पर मांगे 4 हजार रुपए

- वनपाल रिश्वत लेते रंगे हाथ धराया
- लोकायुक्त पुलिस ने की कार्रवाई

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** मंगलवार को इंदौर लोकायुक्त टीम ने वन विभाग के एक अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया. आरोपी प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गृह निर्माण की अनुमति देने के एवज में 4 हजार रुपए मांग रहा था. ग्राम बोरी धूलकोट निवासी 21 वर्षीय सदाशिव डावर, जो इंडियन गैस एजेंसी में डिलीवरी बॉय का काम करता है, ने लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी. सदाशिव के परिवार को ग्राम पंचायत से वन क्षेत्र का पट्टा मिला था, जिस पर उसे प्रधानमंत्री आवास योजना से मकान बनाना था. इस परमिशन के लिए बोरी सर्कल के वनपाल कृष्णकुमार बर्मन ने उससे चार हजार रुपए की मांग की थी. लोकायुक्त टीम ने शिकायत का सत्यापन किया, जिसमें वनपाल द्वारा रिश्वत मांगना सही पाया, इसके बाद मंगलवार को ट्रैप कार्रवाई की गई. इस दौरान आरोपी बर्मन को तीन हजार रुपए लेते ही रंगे हाथ धर दबोचा.





# महू में तनाव, दो पक्षों मे झड़प!

**महू. महू कोतवाली थाना क्षेत्र के मोती महल इलाके में मंगलवार को उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई, जब एक वर्ग विशेष और हिंदू समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए. दोपहर करीब 12.30 बजे, मोती महल क्षेत्र में स्थित एक मदरसे के कुछ बच्चे कुरान खानी के लिए आए थे.**

इसी दौरान कुछ स्थानीय लोग वहां पहुंचे और उन बच्चों से बाहरी होने को लेकर पूछताछ करने लगे. देखते ही देखते, दोनों पक्षों के लोग बड़ी संख्या में जमा हो गए और उनके बीच विवाद और झड़प शुरू हो गई. मामले की गंभीरता को देखते हुए, दोनों पक्ष कोतवाली थाने पहुंचे और थाने का घेराव कर दिया. इस दौरान, दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ सांप्रदायिक नारे भी लगाए, जिससे स्थिति और भी तनावपूर्ण हो गई. पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों की ओर से स्त्रद्धक्र दर्ज कर ली है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है. क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है. जानकारी में आया कि अधिकतर बच्चे प्रदेश के अलावा अन्य कई दूसरे राज्य के भी थे. इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के नेता महू कोतवाली थाना पर एकत्रित हुए. इसी को लेकर एतिहात के तौर पर थाने पर भारी पुलिस बल तैनात रहा. सिमरोल, मानपुर, किशनगंज, बडगोदा सहित रक्षित केंद्र के सैकड़ो जवान महू थाने पर मौजूद रहे। एसडीम राकेश परमार, एएसपी रूपेश द्विवेदी का कहना शहर में स्थिति शांतिपूर्ण एवं नियंत्रण में है. सवेंदिशील क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की गश्त बढ़ा दी है एवं चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात कर दी गई. इस पूरे मामले को लेकर जनपद अध्यक्ष सरदार सरदार मालवीय, भाजपा के नगर अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, मुकेश शर्मा सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता एवं हिंदुवती नेता थाने पहुंचे एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग करने लगे.



# बच्चियों की सुरक्षा हेतु त्वरित कार्रवाई

### *पुलिस एवं हॉस्टल स्टाफ का सराहनीय सहयोग*

महू. इंदौर के कमला नेहरू गर्ल्स हॉस्टल परिसर में कुछ बच्चियों के साथ अज्ञात युवक द्वारा गलत व्यवहार की शिकायत राष्ट्रीय मानव अधिकार महिला एवं बाल विकास आयोग की प्रदेश सचिव डॉ. कनक पटेरिया को प्राप्त हुई. डॉ. पटेरिया ने तत्परता से मामले को संज्ञान में लेकर संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया.

हॉस्टल स्टाफ तथा भंवरकुआ थाने के एसीपी राजीव चौधरी, टी.आई. राजकुमार यादव एवं एस.आई. नीलमणि ठाकुर ने पूरी गंभीरता के साथ तुरंत कार्रवाई कर बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित की. उनके मार्गदर्शन एवं सक्रिय सहयोग से परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई तथा बच्चियों में आत्मविश्वास जागृत हुआ। डॉ. कनक पटेरिया ने कहा कि मानव अधिकार आयोग की पहली प्राथमिकता बच्चियों एवं महिलाओं की सुरक्षा है. पुलिस प्रशासन एवं हॉस्टल प्रबंधन द्वारा जिस तत्परता और संवेदनशीलता के साथ सहयोग किया गया, वह वास्तव में प्रशंसनीय है. राष्ट्रीय मानव अधिकार महिला एवं बाल विकास आयोग प्रदेश इकाई पुलिस प्रशासन व हॉस्टल स्टाफ की जिम्मेदार कार्यशैली की प्रशंसा करता है और विश्वास व्यक्त करता है कि भविष्य में भी बच्चियों की सुरक्षा हेतु ऐसे ही ठोस कदम उठाए जाते रहेंगे.

### एक नजर में — कृष्णपुरा छत्रियों के घाट गंदगी से पटे

# कान्ह नदी में गंदगी का अंबार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर के बीच से होकर गुजर रही कान्ह नदी में गंदगी का अंबार लगा हुआ है. स्थिति यह है कि स्वच्छता अभियान में इस और किसी का ध्यान ही नहीं गया कि कृष्णपुरा छत्रियों के घाट भी गंदगी से पटे पड़े है. यह बात अलग है कि नगर निगम द्वारा नाले को नदी बताकर नदी सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है.**



नगर निगम मुख्यालय से चंद कदम दूर किशनपुरा पुल और कृष्णपुरा छत्रियां के घाट और किनारे गंदगी से भरे पड़े है. बारिश करीब करीब समाप्त होने को है और उक्त स्थल और घाटों से गंदी बदबू उपर सड़क तक आ रही है. नगर निगम द्वारा नाला टेपिंग और गंदा पानी कान्ह नदी में नहीं मिलने के लिए सीवरेज लाइन और स्ट्रॉम वाटर लाइन डालने का कार्य लगातार किया जा रहा है. इसके बावजूद कान्ह सरस्वती नदी नाले में ही तब्दील है. साथ नदी में बहने वाला गंदा पानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इतना कला पानी समुद्र में भी नहीं है, जितना कृष्णपुरा छत्रियां के पास बह रहा है. स्वास्थ्य विभाग प्रभारी अश्विनी शुक्ल ने कहा कि बारिश के पानी की कारण गंदी बहकर आई है. नदी गहरीकरण कार्य भी करवाया था. अभी अधिकारियों को बोलकर गंदगी हटवाता हूं और कृष्णपुरा घाटों की सफाई के निर्देश देता हूं.

### 3 हजार करोड़ रुपए खर्च पर फिर भी नाला ही नजर आ रहा

पिछले करीब 30 सालों से कान्ह और सरस्वती के नाले को नदी में तब्दील करने के काम में 3 हजार करोड़ रुपए नगर निगम ने खर्च कर दिए है. आज तक कृष्णपुरा का नाला, कान्ह और सरस्वती नदी में तब्दील नहीं हुआ है. इसमें आज भी उतना ही काला और गंदा पानी बहता है, जितना 30 साल पहले बहा करता था. स्थिति यह है की नाला टेपिंग और सीवरेज लाइन उक्त नाले में नहीं मिलने एक बाद भी हालत में सुधार नहीं है, बल्कि जरा सी बारिश में शहर एमआर भी पानी भरता है और नाले में सफेद झाग बनते है, जो रासायनिक गंदगी का प्रमाण है.